पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

Website : www.shekhauni.ac.in E-mail : reg.shekhauni@gmail.com, ce.pdsusikar@gmail.com

क्रमांक : 1016

दिनांक : 30/09/2024

आवश्यक सूचना

Ph.D. शोध केन्द्र प्रभारियों, शोध पर्यवेक्षकों एवं शोधार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि निम्नलिखित बिन्दुओं को संज्ञान में लें एवं तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें :–

1. प्रत्येक शोधार्थी अपने शोध केन्द्र तथा शोध पर्यवेक्षक के नियमित सम्पर्क में रहे तथा शोध केन्द्र पर शोध पर्यवेक्षक के पास उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।
2. यदि किसी शोधार्थी को अपना शोध केन्द्र अथवा शोध पर्यवेक्षक किन्हीं कारणों से परिवर्तित करवाना है तो कारण सहित सम्बन्धित आवेदन अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख 10 अक्टूबर, 2024 तक अवश्य प्रस्तुत कर दे जिससे तत्सम्बन्धी कार्यवाही की जा सके।
3. शोध केन्द्र प्रभारी तथा शोध पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करें उनके केन्द्र अथवा उनके मार्गदर्शन में शोध कर रहा शोधार्थी नियमित रूप से शोध उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज करे तथा यू.जी.सी. के प्रावधानों के अनुसार देय अवकाश (शोध कार्य, चिकित्सा, व्यक्तिगत इत्यादि) से सम्बन्धित सभी दस्तावेजों का संधारण करे।
4. शोधार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने हेतु अथवा विश्वविद्यालय द्वारा यू.जी.सी. अथवा अन्य प्राधिकरण को भेजे जाने वाले प्रपत्र को अपने शोध पर्यवेक्षक तथा शोध केन्द्र प्रभारी द्वारा अग्रेषित करवाकर ही विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।
5. शोधार्थियों से अपेक्षा है कि वे अपने शोध प्रारूप को यथाशीघ्र अन्तिम रूप देकर अपना शोध कार्य प्रारम्भ कर दें तथा शोध की प्रगति का ब्यौरा प्रतिमाह तैयार कर अपने पास रखें जिसे विश्वविद्यालय द्वारा मांगे जाने पर यथासमय प्रस्तुत कर सके।
6. शोधार्थियों को शोध कार्य की अवधि के दौरान अपना कोर्सवर्क पूर्ण करना होगा जिसके सम्बन्ध में दिशा निर्देश अलग से जारी किये जायेंगे।

शोध निदेशक